UU

राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद
संख्या–62 (लो0सू0अ0)/2023–24

श्री ज्योति प्रकाश महंता, पिता–स्व. उदयानाथ महंता, पता–गरागडिया, पो.–श्रद्धापुर, था.–लहुनीपारा
जिला–संदरगढ़, ओड़िसा–770040

बनाम

लोक सूचना पदाधिकारी, बी.आर.ए.बी. विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक
31.07.2023	श्री ज्योति प्रकाश महंता, पिता–स्व. उदयानाथ महंता, पता–गरागडिया, पो.–श्रद्धापुर, था.–लहुनीपारा, जिला–संदरगढ़, ओड़िसा–770040 के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–06.06.2023 इस कार्यालय में दिनांक–26.07.2023 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में कोई साक्ष्य संलग्न नहीं किया गया है। अपीलार्थी श्री ज्योति प्रकाश महंता ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–06.06.2023 को सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय को दिया था, परंतु सूचना लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराने के फलस्वरूप प्रथम अपीलीय प्राधिकार, राज्यपाल सचिवालय के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। साथ ही श्री ज्योति प्रकाश महंता उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–06.06.2023 की प्रति भी संलग्न है। बिहार सूचना का अधिकार नियमावली, 2006 के नियम–3 (परिशिष्ट–1) के अनुसार अपील शुल्क के रूप में रू 10/– (दस रूपए) देय है, जो अपीलार्थी द्वारा अपने अपील आवेदन के साथ संलग्न नहीं किया है और न ही गरीबी रेखा के नीचे बसर करने का कोई साक्ष्य संलग्न किया है। अपीलार्थी से अपील शुल्क की मांग करें ताकि प्रथम अपील आवेदन स्वीकृत कर अग्रतर कार्रवाई की जा सके। अभिलेख पुन सुनवाई हेतु दिनांक–21.08.2023 को उपस्थापित करें। सभी संबंधित को सूचित करें। 31/7/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी –सह– प्रथम अपीलीय प्राधिकार

ज्ञापांक-1212/रा०स०(UW) दिनांक-02-06-2023

प्रतिलिपिः- लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिंवालय, पटना/लोक सूचना पदाधिकारी, बी.आर.ए.बी. विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर/श्री ज्योति प्रकाश महंता, पिता-स्व. उदयानाथ महंता, पता-गरागडिया, पो.-श्रद्धापुर, था.-लहुनीपारा, जिला-संदरगढ़, ओड़िसा-770040 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

31/7/2023

विशेष कार्य पदाधिकारी

अपील वाद संख्या—62 (लो०सू०अ०)/2023—24

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
21.08.2023	दिनांक-31.07.2023 को पारित आदेश के आलोक में लोक सूचना पदाधिकारी का प्रतिवेदन प्राप्त है, परंतु अपीलार्थी द्वारा अपील शुल्क भुगतान किये जाने का काई साक्ष्य नहीं भेजा गया है न ही उनके द्वारा गरीबी रेखा के नीचे का कोई साक्ष्य संलग्न किया गया है। अपीलार्थी ने यह प्रथम अपील लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा कोई सूचना नहीं दिये के कारण दायर किया था परंतु प्रतिवेदन के अनुसार लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा अपीलकर्ता को अपना निर्णय पत्रांक-89 दिनांक-03.07.2023 के द्वारा संसूचित किया है। अतः उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में इस अपील वाद में किसी प्रकार की अग्रतर कार्रवाई किये जाने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। तद्नुसार सभी संबंधित को सूचित करें। 21/8/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी -सह- प्रथम अपीलीय प्राधिकार दिनांक- 22-08-2023	

ज्ञापांक- 1315/रा०स०(III)

प्रतिलिपिः-लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/श्री ज्योति प्रकाश महता, पिता-स्व. उदयानाथ महता, पता-गरागंडिया, पो.-श्रद्धापुर, था.-लहुनीपारा, जिला-संदरगढ़, ओड़िसा-770040 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21/8/2023

विशेष कार्य पदाधिकारी